# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

**कार्यालय : अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ०प्र० जल निगम(ग्रामीण),**

**निकट टोल प्लाजा, मड़वानगर, बस्ती-272002**

ई-मेल: eeupjnruralbasti@gmail.com


**पत्रांक** 385/M-3/50 **दिनांक** 01/06/2026

**सेवा में,**

जिलाधिकारी,

बस्ती।

**विषय:-** **सोशल मीडिया "NDTV इण्डिया" TV News चैनल में दिनांक 30.05.2026 को प्रसारित/ प्रकाशित "बस्ती में तेज आंधी से हवा में उड़ी 3.80 करोड़ की पानी टंकी, 100 मीटर दूर जाकर गिरी" शीर्षक के नकारात्मक क्लीपिंग/ निस्तारण के सम्बन्ध में।**

**महोदया,**

उपरोक्त विषयक दिनांक 30.05.2026 को सोशल मीडिया "NDTV इण्डिया" TV News चैनल में प्रसारित/ प्रकाशित "बस्ती में तेज आंधी से हवा में उड़ी 3.80 करोड़ की पानी टंकी, 100 मीटर दूर जाकर गिरी" शीर्षक के अन्तर्गत नकारात्मक क्लीपिंग के सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है कि जनपद बस्ती के विकास खण्ड-विक्रमजोत में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत मेसर्स VSA Infra Project- SCL (JV) द्वारा शंकरपुर ग्राम पंचायत पेयजल योजना का कार्य कराया जा रहा है। दिनांक 26.05.2026 को अधोहस्ताक्षरी, सम्बन्धित सहा०अभि० एवं जू०इंजी० के साथ ही साथ कार्यदायी फर्म के प्रतिनिधि द्वारा योजना का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि उक्त योजना के जिंक एलम शीट की असेंबली की प्रारम्भिक प्रक्रिया चल रही थी और पूरी तरह फिक्स नहीं किया गया था। 25-26 मई की रात तेज आंधी के दबाव के कारण जिंक एलम शीट्स अपने स्थान से विस्थापित (Displace) हो कर नीचे उतर गई। उक्त योजना का थर्ड पार्टी इन्स्पेक्शन एजेन्सी(TPIA) द्वारा गुणवत्ता सत्यापित बाउन्ड्रीवाल का निर्माण 02 वर्ष पूर्व में कराया गया था जिसके निर्माण में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती गयी है। कैम्पस में कार्य के दौरान JCB की ठोकर लग जाने से बाउन्ड्रीवाल एक तरफ से क्रैक हो गयी थी, जो दिनांक 25-26 मई की रात तेज आंधी के अत्यधिक दबाव के कारण क्रैक हुई बाउन्ड्रीवाल गिर गयी। इस घटना से किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। शंकरपुर पेयजल योजना की भौतिक प्रगति का विवरण निम्नानुसार है-

जनपद के विकास खण्ड-विक्रमजोत के अन्तर्गत शंकरपुर ग्राम पंचायत पेयजल योजना की अद्यतन स्थिति-

- स्वीकृत वर्ष - 2022-23
- स्वीकृत लागत - रु० 592.81 लाख
- कार्यदायी फर्म - मेसर्स VSA Infra Project- SCL (JV), फेज-3
- सम्मिलित राजस्व ग्राम- (4) शंकरपुर, कवलपुर, दुसैनिया, कलन्दरहा

| क्र०सं० | प्रस्तावित कार्य | | भौतिक प्रगति |
|---|---|---|---|
| 1 | नलकूप (1000 & 425 LPM) | 02 नग | पूर्ण |
| 2 | शिरोपरि जलाशय (क्षमता- 425 KL/18m) | 01 नग | 70% |
| 3 | वितरण प्रणाली | 29.969 किमी० | 23.088 किमी० |
| 4 | पम्पहाउस | 02 नग | पूर्ण |
| 5 | बाउन्ड्रीवाल | 02 नग | 1 नग पूर्ण एवं 1 नग भूमि विवाद के कारण अपूर्ण |
| 6 | सोलर सिस्टम (50 KW) | 02 नग | 01 नग कार्य प्रगति पर है एवं 01 नग भूमि विवाद के कारण अपूर्ण |
| 7 | गृह संयोजन | 1127 नग | 460 नग |

उक्त योजनान्तर्गत क्षतिग्रस्त बाउन्ड्रीवाल का निर्माण कार्य प्रगति पर है। कार्यदायी फर्म को जिंक एलम टैंक का कार्य नये सिरे से पुनः प्रारम्भ करने हेतु निर्देशित किया गया है। शीघ्र ही जिंक एलम टैंक का कार्य पूर्ण करा लिया जायेगा। योजना वर्तमान में निर्माणाधीन है जिसे लक्षित समयान्तर्गत पूर्ण कर जलापूर्ति संचालित करा दिया जायेगा। जलापूर्ति से सम्बन्धित कोई भी समस्या जल सारथी ऐप एवं टोल फ्री नं 18001212164 पर पंजीकृत की जा सकती है। विभाग समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु प्रतिबद्ध है।

सादर सूचनार्थ प्रेषित।

**संलग्नक: उपरोक्तानुसार।**

**भवदीय**

**अधिशासी अभियन्ता**

**पृ०सं० तथा दिनांक तदैव:-**

**प्रतिलिपि:- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-**

1) मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण), उ०प्र० जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
2) मुख्य अभियन्ता(गो०क्षे०), उ०प्र० जल निगम(ग्रामीण), गोरखपुर।
3) अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ०प्र० जल निगम(ग्रामीण), बस्ती।

**अधिशासी अभियन्ता**

# शंकरपुर पेयजल योजना














